प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा०शि०प० / सिस्टम सेल / 584 दिनांकः 20 दिसम्बर,2021

विषयः **कक्षा–9 एवं 10 के संस्थागत छात्र / छात्राओं की अर्धवार्षिक परीक्षा की लिखित परीक्षाओं के प्राप्तांक तथा कक्षा–11 एवं 12 की अर्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक एवं लिखित दोनों ही परीक्षाओं के प्राप्तांक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक् कृपया परिषद के पत्रांकः मा०शि०प० / सिस्टम सेल / 532 दिनांकः 30 नवम्बर,2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कक्षा–9 एवं 10 के संस्थागत छात्र / छात्राओं की अर्धवार्षिक परीक्षा की लिखित परीक्षाओं के प्राप्तांक तथा कक्षा–11 एवं 12 की अर्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक एवं लिखित दोनों ही परीक्षाओं के प्राप्तांक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर,2021 निर्धारित की गयी थी। शासन द्वारा कक्षा–9, 10, 11 एवं 12 में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर,2021 निर्धारित किये जाने के फलस्वरूप कतिपय नव प्रवेशी छात्र / छात्राओं के अंक अपलोड किये जाने के निमित्त उनके अंक दिनांकः 24–12–2021 तक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करा दिये जायें।

व्यक्तिगत छात्र / छात्राओं एवं कतिपय नव–प्रवेशी छात्र / छात्राओं के अंक अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में प्रधानाचार्यों द्वारा की जा रही कतिपय जिज्ञासाओं के सम्बन्ध में निर्देशित किया जाता है कि समस्त व्यक्तिगत परीक्षार्थियों एवं अंक सुधार के निमित्त वर्ष 2022 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षाओं का प्रावधान न होने के कारण इनके अंक अपलोड नहीं कराये जायेंगें। इससे सम्बन्धित अंकों के बाक्स में A A अंकित कर दिया जाय।

उपर्युक्त समस्त छात्र / छात्राओं के अंकों को परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर दिनांकः 24–12–2021 तक अपलोड कराये जाने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

जिला विद्यालय निरीक्षकगण प्राप्तांकों को अपलोड कराये जाने के कार्य का सतत् अनुश्रवण करें तथा उन्हें निर्धारित तिथि तक अपलोड कराये जाने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

भवदीय

(दिब्य कान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा०शि०प० / सिस्टम सेल / 584 (1–4) दिनांकः 20 दिसम्बर,2021

उक्त पत्र की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, पार्क रोड़, लखनऊ।
3– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ / बरेली / वाराणसी / गोरखपुर एवं प्रयागराज को इस आशय एवं निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे अपने स्तर से भी प्रभावी अनुश्रवण करते हुये प्राप्ताांकों को निर्धारित तिथि तक अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

(दिब्य कान्त शुक्ल)
सचिव।